**हिन्दी प्रादेशिक समाचार**

**आकाशवाणी चंडीगढ़**

**(तिथि 29 अप्रैल 2025, समय 1305 (5 मिनट)**

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने कहा है कि 21वीं सदी की आवश्यकताओं को पूरा करने के लिए सरकार देश की शिक्षा व्यवस्था को आधुनिक बना रही है। उन्होंने कहा कि केंद्र देश के हर विद्यार्थी के लिए विश्व स्तरीय ज्ञान सुगम बना रहा है।प्रधानमंत्री आज नई दिल्ली के भारत मंडपम में युग्म सम्मेलन को संबोधित कर रहे थे। सम्मेलन को संबोधित करते हुए प्रधानमंत्री ने कहा -

प्रधानमंत्री ने कहा की देश में नवाचार को बढ़ावा मिला है।

श्री मोदी ने कृत्रिम मेधा का जिक्र करते हुए कहा -

प्रधानमंत्री ने कहा कि साल 2013-14 में अनुसंधान और विकास पर सकल व्यय 60,000 करोड़ रुपये था, जिसे अब सवा लाख करोड़ रुपये तक बढ़ा दिया है।

उन्होंने कहा, "सरकार का लक्ष्य है कि "एआई" भारत के लिए कारगर हो। -

**************************************************************************

चरखी दादरी के गांव काकड़ोली हुक्मी गांव का सपूत नवीन श्योराण लेह लद्दाख में शहीद हो गया है। आज शाम 4 बजे राजकीय सम्मान के साथ उनके गाँव में उनका अंतिम संस्कार किया जाएगा। भारतीय वायुसेना सैनिक नवीन श्योराण वर्तमान में लेह-लद्दाख के कठिन और दुर्गम इलाके में तैनात था।

****************************************************************************

हरियाणा सरस्वती विरासत बोर्ड ने सरस्वती नदी परियोजना को लेकर राजस्थान सरकार की पहल पर बिरला विज्ञान अनुसंधान संस्थान जयपुर में एक बैठक की है।हरियाणा सरस्वती बोर्ड के उपाध्यक्ष धूमन सिंह किरमच ने बताया कि बिड़ला इंस्टीट्यूट जयपुर में हुई बैठक में राजस्थान के सिंचाई मंत्री सुरेश रावत व बिरला विज्ञान अनुसंधान संस्थान जयपुर के सुदूर संवेदन विभाग प्रमुख डॉ. महावीर पूनिया शामिल हुए। इसके अलावा, इसरो के सेवामुक्त निदेशक डॉ. जे आर शर्मा और डॉ. बी के भद्रा वर्चुअल माध्यम से जुड़े। उन्होंने बताया कि राजस्थान सरकार ने इस परियोजना को आगे बढ़ने के लिए अपनी इच्छा जताई है।उन्होंने बताया कि

सरस्वती नदी को धरातल पर लाने का काम हरियाणा के साथ राजस्थान सरकार ने भी शुरू किया है। अभी तक राजस्थान में पुष्कर झील गुजरात का सिद्धपुर बड़ा क्षेत्र सरस्वती के फैबियो चैनल पर आता है। यह हरियाणा से हनुमानगढ़ अनूपगढ़ से होते हुए कच्छ का रण में गिरती थी।

*******************************************************************************

हरियाणा के परिवहन मंत्री अनिल विज ने कहा कि राज्य में ऑल इंडिया टूरिस्ट परमिट की वैधता अवधि को केन्द्र सरकार के अनुरूप करते हुए 9 साल से बढाकर 12 साल करने का निर्णय लिया गया है। श्री विज ने बताया कि इस संबंध में जल्द ही एक अधिसूचना जारी की जाएगी ताकि पर्यटन क्षेत्र में कार्य करने वाले लोगों को किसी भी प्रकार की दिक्कत न हों।परिवहन मंत्री ने बताया कि इस आशय के संबंध में आज मुख्यमंत्री ने एक प्रस्ताव को अपनी मंजूरी प्रदान कर दी है। गौरतलब है कि पिछले दिनों परिवहन मंत्री श्री अनिल विज से अम्बाला टैक्सी ऑपरेटर यूनियन के पदाधिकारियों ने टूरिस्ट परमिट की वैधता में एकरूपता लाने के लिए एक प्रार्थना पत्र दिया था जिसके बाद परिवहन मंत्री के आदेशों के तहत विभाग ने इस संबंध में एक प्रस्ताव बनाकर सरकार को भेजा था जिसकी स्वीकृति मिल गई है।